**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

दिनांक : 01.06.2026 समय : 0705

<><><><><>

1. राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य सेवा निदेशालय की ओर से विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाया जा रहा है।
2. समाज कल्याण विभाग द्वीप समूह के वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांगजनों के लिए दिव्यांगता मूल्यांकन शिविरों का आयोजन करने जा रहा है।
3. श्री विजयपुरम में कैट की सर्किट बैठक आठ जून से आयोजित की जाएगी।
4. जिला और राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिताएं छः जून से शुरू।

<><><><><>

राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत राज्य हेल्थ सोसाइटी और स्वास्थ्य सेवा निदेशालय, की ओर से विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाया जा रहा है। इसका उद्देश्य आम जनता को तंबाकू के हानिकारक प्रभावों के प्रति जागरूक करना और तंबाकू मुक्त जीवन शैली को बढ़ावा देना है। इस सिलसिले में विभिन्न प्रतियोगिताओं के आयोजन किए जा रहे हैं। दो श्रेणियों में आयोजित होने वाले 500 से 800 शब्दों की निबंध लेखन प्रतियोगिता अंग्रेजी या हिंदी में से किसी भी भाषा में ए4 आकार के पेपर में हाथ से लिखी होनी चाहिए, निबंध मौलिक और तंबाकू नियंत्रण या तंबाकू के दुष्प्रभावों से संबंधित होना चाहिए। पेपर पर प्रतिभागी का नाम, उम्र, पता और संपर्क नंबर स्पष्ट रूप से लिखा होना चाहिए। तंबाकू विरोधी जागरूकता और स्वस्थ जीवन शैली विषय के साथ चित्रकला प्रतियोगिता भी आयोजित की जाएगी। चित्र ए2 ड्राइंग शीट या हाफ साइज चार्ट पेपर पर बनाई जानी चाहिए। प्रतिभागी का नाम, उम्र, पता और संपर्क नंबर पेंटिंग के पीछे वाले हिस्से पर साफ–साफ लिखा होना चाहिए। प्रत्येक श्रेणियों के लिए नकद पुरस्कार दिए जाएंगे। इसके लिए आवेदन 10 जून तक राज्य तंबाकू नियंत्रण सेल का कार्यालय में जमा किए जा सकते हैं।

<><><><><>

समाज कल्याण विभाग द्वीप समूह के वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांगजनों के लिए एडिप और आरवीवाई योजना के अंतर्गत सहायक उपकरणों के वितरण हेतु दिव्यांगता मूल्यांकन शिविरों का आयोजन करने जा रहा है। शिविर 22 जून सुबह 9 बजे से द्वीपों के विभिन्न चिकित्सा केन्द्रों पर आयोजित किए जाएंगे। मूल्यांकन शिविर में आने वाले लाभार्थियों से अपना यूडीआईडी कार्ड, आय प्रमाण पत्र, और आधार कार्ड साथ लाने को कहा गया है। आरवीवाई योजना के तहत आने वाले 60 वर्ष और उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों से अपना आधार कार्ड और 15 हजार रुपये से कम मासिक आय दर्शाने वाला आय प्रमाण पत्र के साथ आवश्यक दस्तावेज साथ लाने का अनुरोध किया गया है। अधिक जानकारी के लिए नोडल अधिकारी या संबंधित सीडीपीओ कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><>

भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्व–रोजगार प्रशिक्षण संस्थान ने पशुपालन और पशु चिकित्सा सेवा विभाग के सहयोग से गुप्तापाड़ा ग्राम पंचायत में 12 दिवसीय पोल्ट्री फार्मिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। इसका उद्देश्य महिला सशक्तिकरण और स्व–रोजगार के अवसरों को बढ़ावा देना था। यह कार्यक्रम विशेष रूप से एनआरएलएम स्वयं सहायता समूहों की महिला सदस्यों के लिए तैयार किया गया था, ताकि ग्रामीण महिलाओं को पशुधन क्षेत्र में व्यावहारिक कौशल और आय बढ़ाने के अवसर प्रदान किए जा सकें। इस अवसर पर डॉ. संजलि ने इस प्रशिक्षण में मुख्य विशेषज्ञ के रूप में अपनी सेवाएं दीं। कार्यक्रम में विभिन्न स्वयं सहायता समूहों की कुल 23 महिला प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के समापन समारोह के दौरान, गुप्तापाड़ा ग्राम पंचायत प्रधान दुर्लभ दास ने प्रशिक्षण पूरा करने वाली सभी महिला प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए। उन्होंने महिलाओं से प्रशिक्षण का उपयोग आर्थिक आत्मनिर्भरता हासिल करने के लिए करने को कहा।

<><><><><>

श्री विजयपुरम में कैट की सर्किट बैठक आठ से उन्नीस जून तक वर्चुअल माध्यम से आयोजित की जाएगी, जिसमें न्यायिक सदस्य उर्मिता दत्ता सेन, और प्रशासनिक सदस्य सुचित्तो कुमार दास, मामलों की सुनवाई करेंगे। इस दौरान नए आवेदन भी स्वीकार किए जाएंगे। जिन विभागों के

मामले CAT में लंबित है वे संबंधित दस्तावेजों के साथ सरकारी अधिवक्ता और पैनल अधिवक्ताओं से संपर्क कर सकते हैं। साथ ही सभी विभागाध्यक्षों से अपने नोडल अधिकारियों को सुनवाई की तारीख पर संबंधित दस्तावेजों के साथ उपस्थित रहने का निर्देश देने को कहा गया है।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार राज्य ओलंपिक संघ की ओर से आयोजित जिला और राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं के कार्यक्रम में संशोधन किया गया है। संशोधित कार्यक्रम के अनुसार दक्षिण अंडमान ओपन जिला बैडमिंटन चैम्पियनशिप का आयोजन छह से आठ जून तक, ओपन राज्य बैडमिंटन चैम्पियनशिप बीस से तेईस जून और जिला योगा चैम्पियनशिप तेरह और चौदह जून को आयोजित किया जाएगा। संघ ने खिलाड़ियों और प्रतिभागियों से प्रतियोगिता में भाग लेने की अपील की है। इन खेलों में ओपन जिला और ओपन राज्य बैडमिंटन चैम्पियनशिप की प्रविष्टियां जमा करने की अंतिम तिथि पांच और उन्नीस जून है जबकि जिला योगा चैम्पियनशिप की अंतिम तिथि बारह जून निर्धारित की गई है।

<><><><><><><>

टीबी मुक्त भारत अभियान – 100 दिवसीय अभियान के तहत कर्मियों के लिए निवारक स्वास्थ्य देखभाल को बढ़ावा देने के लिए एक विशेष पहल की गई। इसके अंतर्गत दक्षिण अंडमान जिला टीबी केंद्र की ओर से फिनिक्स बे स्थित लाइटहाउस और लाइटशिप निदेशालय 'दीप भवन' में आयुष्मान आरोग्य शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ. शिव शंकर सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उन्होंने प्रारंभिक निदान के महत्व, स्वस्थ जीवन शैली की आदतें, टीबी जैसी संक्रामक बीमारियों, गैर–संक्रामक बीमारियों से बचाव और नियमित स्वास्थ्य जांच की आवश्यकता पर जोर दिया। शिविर के दौरान निदेशालय के कर्मचारियों के लिए एनसीडी स्क्रीनिंग और एक्स–रे स्क्रीनिंग की गई। इसका उद्देश्य टीबी और जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों जैसे मधुमेह और उच्च रक्तचाप की शुरुआती लक्षणों का पता लगाना और उनका समय पर इलाज करना था।

<><><><><><><>

शैक्षणिक सत्र 2026–27 के लिए डाइट, गाराचरमा में 2–वर्षीय डी.एल.एड. पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए आज से कॉमन कॉलेज एडमिशन पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 21 जून की मध्यरात्रि तक है। आवेदन पत्रों की जांच 22 से 28 जून तक चलेगी।

<><><><><><><>

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय ने जुलाई 2026 शैक्षणिक सत्र के लिए विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर दी है। विश्वविद्यालय की ओर से प्रमाणपत्र, डिप्लोमा, पीजी डिप्लोमा, स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर के पाठ्यक्रम संचालित किए जाते हैं। प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन 15 जुलाई तक किए जा सकते हैं। इच्छुक अभ्यर्थी अधिक जानकारी के लिए इग्नू क्षेत्रीय केन्द्र श्री विजयपुरम से संपर्क कर सकते है।

<><><><><><><>

## समाचार पत्रों की सुर्खियां

द्वीपों के उप–राज्यपाल ने कहा –अंडमान में अपतटीय तेल अन्वेषण के प्रारंभिक निष्कर्ष हाइड्रोकार्बन की संभावनाओं का संकेत देते हैं–इस समाचार को **द डेली टेलीग्राम्स** ने अपनी बड़ी खबर बनाते हुए सचित्र प्रकाशित किया है। **द्वीप समाचार** ने इस खबर के अलावा प्रधानमंत्री द्वारा मन की बात कार्यक्रम में देशवासियों से अपने आस–पास समाज की बेहतरी के लिए लगातार काम कर रहे लोगों को पहचानने और स्वयं भी अच्छे कार्यों से जुड़ने की अपील के समाचार को अपनी बड़ी खबर बनाई है। **अंडमान एक्सप्रेस अंग्रेज़ी** ने आकाशवाणी के 90 वर्ष पूरा होने के अवसर पर आकाशवाणी श्री विजयपुरम द्वारा सेल्यूलर जेल से फ्लैग प्वाइंट तक वाकॉथॉन आयोजित करने के समाचार को अपने अखबार में बॉक्स में जगह दी है। **इंफो इंडिया** ने द्वीपसमूह में चलाए जा रहे टीबी मुक्त भारत अभियान–100 दिवसीय अभियान के समाचार को पहले पन्ने पर छापा है, जबकि **द इको ऑफ इंडिया** ने मायाबंदर क्षेत्र में खराब मोबाइल कनेक्टिविटी को लेकर लोगों में चिंता के समाचार को प्रमुखता दी है।

<><><><><><><>